**Publication Name:** Financial Express
**Publication Date:** 05/11/2025
**Edition:** Delhi
**Page No:** 2
**CCM:** 2204.64

# Amul bags ICA top cooperative ranking globally

GUJARAT COOPERATIVE MILK Marketing Federation, which markets dairy products under Amul brand, has been ranked as the number one co-operative in the world based on GDP per capita performance. The ranking has been done by International Cooperative Alliance (ICA) World Cooperative Monitor 2025. The list was announced at the ICA CM50 Conference in Doha, Qatar.

**Publication Name:** Dainik Jagran

**Publication Date:** 05/11/2025

**Edition:** Delhi

**Page No:** 12

**CCM:** 141.27

## Amul gets top position in ICA's cooperative ranking

# आइसीए की सहकारिता रैंकिंग में अमूल को मिला शीर्ष स्थान

- इफको ने इसी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया
- गृह मंत्री अमित शाह ने इस खास उपलब्धि पर दी बधाई

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अमूल और इफको ने खास मुकाम हासिल किया है। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात कोआपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) प्रदर्शन के आधार पर दुनिया की पहले नंबर की सहकारी संस्था का दर्जा दिया गया है। वहीं, इफको ने इसी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस खास उपलब्धि पर बधाई दी है। एक्स पर लिखे अपने खास संदेश में गृह मंत्री ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता भरे नेतृत्व को दिया। गौरतलब है कि यह रैंकिंग इंटरनेशनल कोआपरेटिव अलायंस (आइसीए) वर्ल्ड कोआपरेटिव मानिटर 2025 ने जारी की है। इस सूची की घोषणा कतर के दोहा में आइसीए सीएम50 सम्मेलन में की गई। जीसीएमएमएफ ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह पहचान अमूल के अपने सहकारिता माडल के जरिए लाखों डेयरी किसानों को मजबूत बनाने में योगदान को दर्शाता है। इससे पूरे भारत में समावेशी वृद्धि और सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलता है।

इंटरनेशनल कोआपरेटिव अलायंस का मुख्यालय ब्रसेल्स में है। यह दुनिया भर की सहकारी संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है और उनके टिकाऊ कारोबारी माडल को बढ़ावा देता है। जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा कि अमूल एक ऐसा ब्रांड है जिसका स्वामित्व पूरी तरह किसानों के पास है। वे दूध इकट्ठा करने और विनिर्माण से लेकर विपणन तक सारा प्रबंधन करते हैं। हमारा असर सिर्फ आर्थिक तक ही सीमित नहीं है। हमारा मॉडल गरीबी कम करने और लैंगिक समानता से लेकर स्थिर समुदाय तक संयुक्त राष्ट्र के कई टिकाऊ विकास लक्ष्यों का समर्थन करता है।

SAHANA system limited

Powered By: Sahana System Limited